पत्रांकः– 04/NULM-87/16/ 2165 /न0वि0एवंआ0वि0

बिहार सरकार

नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषकः–

संजय दयाल,
विशेष सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग।

सेवा में,

श्री दीपक कुमार सिंह,
प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग।

पटना, दिनांक 20.9.17

विषयः– BSDM द्वारा उपलब्ध कराये गये पंजीकृत कौशल विकास केन्द्रों की सूची के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक – 547,दिनांक– 24.07.2017 एवं 552 दिनांक– 26.07.2017.

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संदर्भ में कहना है कि BSDM द्वारा उपलब्ध कराए गए कौशल प्रशिक्षण केन्द्र की सूची में एजेन्सी/संस्था के नाम का उल्लेख नही रहने के कारण नगर निकाय को सूची अनुसार प्रशिक्षण प्रदाता एजेन्सी/संस्था के साथ एकरारनामा करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। यथा CES, नवादा द्वारा विद्या केन्द्र, Indian Computer Centre द्वारा Global Social Welfare Foundation एवं Cradle Kaushal Prasikshan Kendra के द्वारा Cradle Life Sciences Pvt Ltd. का कागजात उपलब्ध कराया गया है। नामों मे भिन्नता के कारण प्रशिक्षण केन्द्र एजेन्सी/संस्था एवं नगर निकाय के बीच एकरारनामा नहीं हो पा रहा है।

अतः अनुरोध है कि कौशल प्रशिक्षण केन्द्र की सूची में केन्द्र संचालित करने वाले एजेन्सी/संस्था का भी नाम उल्लेखित करने की कृपा की जाय ताकि आसानी से एकरारनामा किया जा सके और प्रशिक्षण कार्यक्रम को गति प्रदान किया जा सके।

अनुः यथोक्त।

विश्वासभाजन

19/9/17

विशेष सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग।

manoj249

(313)

कार्यालय नगर परिषद्, नवादा

पत्रांक................न.प.

प्रेषक

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, नवादा|

सेवा में

विशेष सचिव,
नगर विकास एवं आवास बिभाग,
बिहार पटना |

दिनांक ..../सितम्बर 2017 ई.|

विषय :- **DAY-NULM** योजना के तहत EST&P घटक के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसी के साथ MOU करने के संबंध में|

प्रसंग:- प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना का पत्रांक **1859** दिनांक **10/08/2017**|

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषयक संबंध में निवेदन पूर्वक कहना है की नगर परिषद् नवादा में **DAY-NULM** योजना के तहत EST&P घटक के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसी CES को हाथ की कढ़ाई एवं सिलाई कोर्ष में प्रशिक्षण हेतु चयन कर भेजा गया था| MOU के दौरान एजेंसी के द्वारा CES के स्थान पर विद्या केंद्र का दस्तावेज़ दिया गया जिसके कारन उनके साथ MOU नहीं किया जा सका है| एजेंसी के द्वारा CES का दस्तावेज़ प्रस्तुत करने पर MOU किया जा सकता है|

अत: श्रीमान को सादर सूचनार्थ समर्पित|

विश्वासभाजन

ह०

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, नवादा|

ज्ञापांक 2455......... पत्रांक 04/9/17............

प्रतिलिपि :- PMC-NULM बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित|

ह० 04/9/17

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, नवादा|